# विंग्स फार्मास्यूटिकल्स ने ऑफिसनेट HRMS के साथ एचआर दक्षता में 40% की बढ़ोतरी की

**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। ऑफिसनेट, जो एंटरप्राइज HRMS समाधानों का एक अग्रणी प्रदाता है, ने भारत की सबसे तेजी से बढ़ती फार्मास्यूटिकल कंपनियों में से एक, विंग्स फार्मास्यूटिकल्स प्रा. लि. में अपना क्लाउड-आधारित लफ प्लेटफॉर्म सफलतापूर्वक लागू किया है। इस डिप्लॉयमेंट से कुल एचआर दक्षता में 40% की वृद्धि हुई है, जिसमें पेरोल की सटीकता, कर्मचारी प्रश्नों के समाधान और अवकाश प्रबंधन प्रक्रियाओं में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। तेजी से बढ़ती टीम और प्रत्येक विभाग में 500+ से अधिक कर्मचारियों के साथ, विंग्स फार्मास्यूटिकल्स को एक मजबूत प्रणाली की आवश्यकता थी जो अवकाश नीतियों को सुव्यवस्थित करे, पेरोल अनुपालन सुनिश्चित करे और कर्मचारी प्रश्नों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करे। इस परिवर्तन के बारे में बात करते हुए, अमित सक्सेना, चीफ मैनेजर, एचआर, विंग्स फार्मास्यूटिकल्स प्रा. लि. ने कहा,"विंग्स फार्मास्यूटिकल्स में, हम हमेशा तकनीक का उपयोग करके दक्षता बढ़ाने में विश्वास करते हैं।

ऑफिसनेट की सीईओ, सु.श्री. सोनाली चौधरी ने कहा,"हम विंग्स फार्मास्यूटिकल्स के डिजिटल एचआर ट्रांसफॉर्मेशन सफर में साझेदार बनने पर गर्व महसूस करते हैं।